Newspaper March_Layout 1 09-Mar-18 2:36 PM Page 1

A Newsletter by KUNDAN GREENVALLEY SCHOOL

MARCH (I), 2018

# KUNDAN TIMES

कुंदन बनाते हैं हम!

**Congratulations**



फेंसिंग की राष्ट्रिय प्रतियोगिता में विजेता टीम की खुशी बढ़ाते कुंदन ग्रीन वैली स्कूल के निदेशक श्री भारत भूषण शर्मा।

# प्रथम आया कुंदन, इनामों की बौछार

**बल्लभगढ़ से केवल कुंदन के पांच छात्रों को राज्य सरकार ने माना प्रतिभाशाली खिलाड़ी, सरकार की ओर से लाखों के इनामों की घोषणा**

**स्कॉलिस्टिक एवं को-स्कोलस्टिक एविडेंस मूल्यांकन में सी.बी.एस.ई से मिल चुका है ग्रेड ए**

कुंदन टाइम्स

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार द्वारा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की सूची जारी की गई है जिसमें बल्लभगढ़ क्षेत्र से अकेले कुंदन ग्रीन वैली स्कूल के पांच छात्रों को नामित किया गया है। सरकार ने खिलाड़ियों पर इनामों की बौछार की है। इस पर स्कूल के निदेशक श्री भारत भूषण शर्मा ने बताया कि उन्हें अपने बच्चों पर गर्व है कि वह अकादमिक और स्पोर्ट्स दोनों में लगातार स्कूल और परिजनों का नाम रोशन कर रहे हैं।

कुंदन ग्रीनवैली स्कूल के छात्र दीपक को बॉक्सिंग, पूजा और दीपिका को तीरंदाजी, प्रिया और गुंजन को तलवारबाजी में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की सूची में स्थान प्राप्त हुआ है। राज्य सरकार की ओर से खिलाड़ियों को नगद इनाम और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इसमें दीपक को चार लाख रुपये, पूजा को दो लाख रुपये, दीपिका को एक लाख सात हजार रुपये और प्रिया व गुंजन को एक एक लाख रुपये का इनाम मिलेगा। बच्चों की इस उपलब्धि पर जहां अभिभावक प्रसन्न हैं वहीं अन्य अभिभावकों का रुझान भी अपने बच्चों को खेलों की ओर भी मोड़ने के लिए हुआ है। जिसके बारे में निदेशक श्री भारत भूषण शर्मा से वह निरंतर संपर्क कर रहे हैं। आपको बता दें कि कुंदन ग्रीन वैली स्कूल में निरंतर अकादमिक और खेलों दोनों पर ध्यान दिया जाता है और यहां से श्रेष्ठ खिलाड़ी देश को मिल रहे हैं।



हरियाणा सरकार द्वारा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की सूचि में शामिल होने पर पसन्नता जताते कुंदन ग्रीनवैली स्कूल के स्टूडेंट एवं निदेशक श्री भारत भूषण शर्मा।

वैसे स्कूल को अनेक अन्य उपलब्धियां भी हासिल होती रही हैं। जिनमें स्वयं पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा सीएम निवास पर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जाना, स्कॉलिस्टिक एवं को-स्कोलस्टिक एविडेंस मूल्यांकन में अधिकतम अंक हासिल करने पर सी.बी.एस.ई से लगातार दो वर्ष ग्रेड ए प्राप्त करना, तत्कालीन मानव संसाधन एवं विकास मंत्री श्रीमति स्मृति जुबिन ईरानी द्वारा उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के लिए विद्यार्थियों को सराहना पत्र देना, हरियाणा खेल मंत्री द्वारा फेंसिंग में राष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा का नाम रोशन करने पर लाखों रुपये की नगद राशि छात्रों को देना, कैबिनेट मिनिस्टर विपुल गोयल द्वारा अनेक बार स्कूल के बच्चों एवं प्रबंधन का प्रोत्साहन आदि इसमें शामिल हैं।

# शिक्षाविद् शिवलाल शर्मा जी की सिद्धांत मूर्ति है कुंदन ग्रीन वैली स्कूल

कुंदन टाइम्स

**फरीदाबाद।** कुंदन ग्रीन वैली स्कूल के संस्थापक निर्देशक भारत भूषण शर्मा जी इस स्कूल को अपने पिता की सिद्धांत मूर्ति मानते हैं। वह बताते हैं कि बीएससी की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने सरकारी स्कूल में प्रिंसिपल पिता शिवलाल शर्मा जी से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी की इच्छा जताई जिस पर पिता ने समझाया कि वह स्कूल की स्थापना का सपना संजोए बैठे हैं।

शिवलाल जी ने उन्हें बताया कि एक अच्छे स्कूल से अच्छे नागरिक निकलेंगे तो देश व समाज



को कितना भला होगा। पिताजी ने बताया कि बल्लभगढ़ क्षेत्र में सुविधाओं के अभाव में बच्चे अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए तुम एक आदर्श स्कूल की यहीं पर स्थापना कर समाजसेवा का यह पुनीत कार्य करो।

पिता की इच्छा को स्वीकार कर भारत भूषण जी ने सिविल सेवा की तैयारी का इरादा छोड़ दिया और एक दो हट जैसे कमरों में स्कूल की स्थापना की। भारत जी अपने दादाजी श्री कुंदन लाल के विचार और पिताजी श्री शिवलाल जी के संस्कारों से ओतप्रोत एक ऐसे स्कूल का संचालन कर रहे हैं जो सही मायने में आदर्श स्कूल है।

श्री भारत भूषण बताते हैं कि पिताजी आज शरीर से हमारे बीच नहीं हैं लेकिन दादाजी की ही तरह वह भी अपना स्नेह पूरे कुंदन परिवार पर बनाए हुए हैं।




**"There is a brilliant child locked inside every student."**

Newspaper March_Layout 1 09-Mar-18 2:36 PM Page 2



# कुंदन ग्रीनवैली के चमकते कुंदन

**कुंदन टाइम्स**

**फरीदाबाद।** कुन्दन ग्रीन वैली स्कूल की खेल हितैषी नीतियों के कारण अनेक खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। जिससे एक ओर जहां स्कूल का नाम रोशन होता है वहीं बल्लभगढ़ और राज्य हरियाणा का भी नाम रोशन होता है। निदेशक भारत भूषण शर्मा बताते हैं कि जब हमारे बच्चे सोना चांदी जीतकर आते हैं, तभी वो कुंदन कहलाते हैं। आइये जानें कुंदन ग्रीनवैली स्कूल के कुछ बच्चों की उपलब्धियां-

**कुंदन कॉलोनी में रहने वाली दीपिका** 12वीं कक्षा की स्टूडेंट और फेंसिंग की खिलाड़ी हैं। उन्होंने



नेशनल में दो गोल्ड, दो सिल्वर, पांच ब्रोंज मैडल सहित स्टेट में 25 गोल्ड मैडल, चार सिल्वर मैडल और तीन ब्रोंज मैडल जीत चुकी हैं। दीपिका ने नौ गोल्ड मैडल जिले में भी जीते हैं।

**भूदत्त कॉलोनी में रहने वाली गुंजन** कुंदन ग्रीनवैली स्कूल में 11वीं कक्षा की कॉमर्स स्टूडेंट है। वह तलवाबाजी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर खेल रही हैं। उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में एक गोल्ड और दो ब्रोंज मैडल जीते हैं। वहीं प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में चार गोल्ड, तीन सिल्वर और दो ब्रोंज मैडल जीते हैं



और जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में चार सिल्वर मैडल जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है।

**बल्लभगढ़ के अहीरवाडा में रहने वाली सुनीता** गोस्वामी कुंदन ग्रीन वैली स्कूल में 10वीं कक्षा में पढ़ती हैं और तलवारबाजी करती



हैं। वह अभी तक राष्ट्रीय प्रतियोगिता में एक गोल्ड और एक सिल्वर, प्रदेश प्रतियोगिता में छह ब्रोंज और जिला प्रतियोगिताओं में एक सिल्वर और चार ब्रोंज मैडल जीत चुकी हैं।



**मेरी कलम से**

*कमल अरोड़ा, डिप्टी डायरेक्टर*

# खिलखिलाते बचपन से सफर शुरू

**कुंदन टाइम्स**

**फरीदाबाद।** कुंदन ग्रीन वैली स्कूल में हम मानते हैं कि व्यक्ति के चरित्र का निर्माण उसके बचपन से ही प्रारंभ होता है। इसके लिए हमें अपनी कोशिश भी तभी से शुरू करनी होगी। यह कहना है स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमति कमल अरोड़ा का।

वह बताती हैं कि कुंदन स्कूल में बच्चों को विभिन्न प्रकार की एक्टिविटीज द्वारा उनके चरित्र को निखारने, उनके व्यक्तित्व को बनाने और उनकी रुचियों को जानने का प्रयास किया जाता है। यही कारण है कि हमारे बच्चे अपने बालपन से बहुत आत्मविश्वासी और सकारात्मक सोच लिए होते हैं। वैसे भी हम मानते हैं कि सोना तपकर ही कुंदन बनता है और कुंदन ग्रीनवैली में भविष्य के भारत के लिए कुंदन तैयार करने का काम हो रहा है।













Education is not The Learning of Facts, It's Rather The Training of The Mind To Think

Newspaper March_Layout 1 09-Mar-18 2:36 PM Page 3



# बच्चों को सामाजिक दायित्वों की सीख

**बल्लभगढ़ स्थित कुंदन ग्रीन वैली स्कूल के निदेशक श्री भारत भूषण शर्मा का विश्वास है कि कम उम्र से ही अच्छी आदतें डालने से जिम्मेदार व्यक्ति त्व का निर्माण होता है।**

कुंदन टाइम्स

**फरीदाबाद।** अपने सामाजिक दायित्वों को निभाने और भारत की आने वाली पीढ़ी को इन दायित्वों के प्रति सजग करने की दिशा में भी कुंदन ग्रीन वैली स्कूल प्रबंधन निरंतर कार्य कर रहा है। बल्लभगढ़ की कुंदन कॉलोनी स्थित इस स्कूल के निदेशक श्री भारत भूषण शर्मा का मानना है कि शिक्षा से ही समाज का उत्थान संभव है। फिर वह शिक्षा पाठ्यक्रम के साथ समाज को समझने की भी है। शर्मा कहते हैं कि कम उम्र में ही यदि हम बच्चों को उनकी जिम्मेदारियों के बारे में प्रशिक्षित करेंगे तो वह बड़ा होने पर निसंदेह एक जिम्मेदार व्यक्ति बन सकेंगे जिसका लाभ उनके स्वयं के साथ साथ साथ परिवार, समाज और राष्ट्र को भी मिलना तय है।

भारत भूषण बताते हैं कि कुंदन ग्रीन वैली स्कूल की ओर से समय समय पर प्रदूषण मुक्ति के लिए जागरुकता रैलियों का आयोजन, स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता अपनाने की शपथ, सफाई जागरुकता आयोजनों, महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, नैतिक मूल्यों का उत्थान, समाज में समानता आदि को लेकर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। वहीं बच्चों में अनेकता में एकता, राष्ट्रीयता और राष्ट्रप्रेम की लौ लगाने के लिए सभी प्रमुख धार्मिक और राष्ट्रीय पर्वों को जारदार ढंग से मनाया जाता है।



पर्यावरण जागरुकता रैली को हरी झंडी देते हुए पूर्व पार्षद राव रामकुमार, कमल यादव एवं स्कूल निदेशक भारत भूषण शर्मा।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर विशेष ध्यान

देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ केम्पैन से काफी प्रभावित श्री भारत भूषण शर्मा के निर्देश पर स्कूल में कई शैक्षिक सत्रों में बेटियों के लिए मुफ्त एडमिशन किए गए जिसमें बड़ी संख्या में बच्चियों के अभिभावकों ने लाभ उठाया। आज वह बच्चियां पढ़ रही हैं और बढ़ भी रही हैं। स्कूल के निदेशक भारत भूषण शर्मा ने 21 लड़कियों को ता-उम्र मुफ्त शिक्षा का प्रण हाल ही में लिया है। वह कहते हैं कि इन बच्चियों को जब तक वह शिक्षा लेना चाहेंगी, वह शिक्षा दिलवाएंगे क्योंकि जब हम एक व्यक्ति को पढ़ाते हैं तो वह एक व्यक्ति ही पढ़ता है लेकिन जब एक महिला शिक्षित होती है तो एक पीढ़ी शिक्षित होती है।

# हम शिक्षा के नगीने तैयार कर रहे हैं : भारत भूषण शर्मा

### भारत की नई पीढ़ी को संवारने में जुटे कुंदन ग्रीनवैली स्कूल के निदेशक भारत भूषण शर्मा से विशेष बातचीत

कुंदन टाइम्स

फरीदाबाद। बल्लभगढ़ की कुंदन कॉलोनी स्थित कुंदन ग्रीनवैली स्कूल किसी पहचान का मोहताज नहीं है। इस स्कूल के बारे में यह आम धारणा है कि यहां पर शिक्षा के नगीने तैयार किए जाते हैं। प्रस्तुत हैं स्कूल के निदेशक भारत भूषण शर्मा से बातचीत के अंश....



**प्र-आपने कुंदन ग्रीन वैली स्कूल की स्थापना कब और कैसे की।**

- वर्ष 2002 में अपने पिता शिवलाल शर्मा जी की प्रेरणा से उनके द्वारा ही बसाई कुंदन कॉलोनी में कुंदन ग्रीन वैली स्कूल की स्थापना की। वास्तव में मेरे दादाजी का नाम कुंदन लाल शर्मा था जो लोगों की शिक्षा पर बड़ा जोर देते थे। वह मानते थे कि शिक्षा के बिना व्यक्ति और पशु में कोई अंतर नहीं है। वहीं मेरे पिताजी स्वयं रिटायर्ड प्रिंसिपल थे, जिसके कारण घर में भी शिक्षा का माहौल था।

**प्र-कुंदन ग्रीन वैली स्कूल की ओर लोग कैसे आकर्षित हुए।**

- हमने सबसे छोटी क्लास से स्कूल शुरू कर बच्चों को पौधों की तरह सींचकर वृक्ष बनाया। शुरू के अनेक वर्षों में तो हमने बाहर के एडमिशन लेने पर ज्यादा जोर नहीं दिया और अपने बच्चों पर ही मेहनत करते रहे। नतीजा यहां एडमिशन के लिए अभिभावक स्वयं ही आने लगे और यह सिलसिला आज भी चल रहा है।

**प्र- आपके यहां कौन कौन से कोर्स उपलब्ध हैं।**

-कुंदन ग्रीन वैली स्कूल में नर्सरी से लेकर 12वीं कक्षा तक कक्षाएं लगाई जाती हैं। यहां 11वीं व 12वीं में मेडिकल व नॉन मेडिकल सहित कॉमर्स व आर्ट्स सभी विषय बच्चों को पढ़ाए जा रहे हैं।

**प्र- कुंदनग्रीन वैली स्कूल की खासियत क्या है।**

- हमारे शिक्षक स्कूल के बच्चों को ट्यूशन नहीं पढ़ाते हैं और बच्चों को भी हम ट्यूशन न पढ़ने पर जोर देते हैं। यदि कोई बच्चे किसी कारण से भी कमजोर हैं तो उनके स्कूल में ही अतिरिक्त क्लास लगवाते हैं और उसमें अपने शिक्षकों से अतिरिक्त समय दिलवाते हैं। हमारी यह पॉलिसी आज पूरी तरह से सफल है।

**प्र-बल्लभगढ़ जैसे क्षेत्र में स्कूल की नींव डालने के पीछे भी क्या कोई प्रमुख कारण था।**

- जी बिल्कुल, स्पष्ट कारण था। हमारे बल्लभगढ़ में उस समय तक बड़े प्राइवेट स्कूल नहीं थे। हमने एक ऐसे स्कूल की कल्पना की जो बल्लभगढ़ के बच्चों को अच्छी शिक्षा दे सके।

प्र- ऐसा क्या है जो कुंदन स्कूल को ब्रैंड बनाता है।

- मैं अपने स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को कुंदन बनाने में जुटा रहता हूं। इसके लिए अथक प्रयास भी करता हूं। इस काम में मेरा पूरा स्टाफ भी भरपूर सहयोग करते हैं।

**प्र- कुंदन ग्रीन वैली स्कूल की कुछ विशेषताओं के बारे में बताएं।**

-करीब दो एकड़ जमीन पर बने कुंदन ग्रीन वैली स्कूल में बच्चों के खेलने, पढ़ने सहित अन्य गतिविधियों पर भी पूरा ध्यान दिया जाता है। हमारे होनहार बच्चे बॉक्सिंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता और तीरंदाजी की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गोल्ड जीतकर आते हैं। हमारे बच्चे जब सोना चांदी जीतकर आते हैं तो हमें बड़ा संतोष मिलता है।

प्र-आज के प्रतियोगी वातावरण में बच्चे क्या करें।


- आज के समय में विद्यार्थियों के लिए समय प्रबंधन पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। आपने समय को महत्व नहीं दिया तो वह भी आपको महत्व नहीं देगा। बच्चों को चाहिए कि वह अपने वार्षिक, त्रैमासिक, मासिक, साप्ताहिक एवं दैनिक लक्ष्य निर्धारित करें, अपनी प्राथमिकताएं तय करें। क्या पहले करना है, क्या बाद में करना है और क्या कभी नहीं करना है- यह तय करना ही होगा।



Education is not the preparation for life, Education is life itself.

Newspaper March_Layout 1 09-Mar-18 2:36 PM Page 4







Owned, Edited & Published by Bharat Bhushan Sharma from Kundan Green Valley School, Ballabgarh, Haryana.
Concept, Designed & Printed by : ReSourceMedia, 5D/8D, NIT 5, Faridabad, Hr. Tel. 0129-4061753